# ग्राम हीरावाड़ी में वाटरशेड यात्रा का समापन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 वाटरशेड विकास घटक के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिये वॉटरशेड यात्रा अभियान 2025 पूरे देश प्रदेश में चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में जिले के विकासखंड मोहखेड़ के विभिन्न ग्रामों वॉटरशेड यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सबसे पहले 17 मार्च 2025 को वॉटरशेड यात्रा रथ का ग्राम चूड़ाबोह में आगमन हुआ। इसमें ग्रामीणों द्वारा यात्रा में भाग लिया, यात्रा चूड़ाबोह से होते हुए मैनिखापा से परासिया-बैतूल में रुकी। 18 मार्च 2025 को ग्राम हीरावाड़ी में यात्रा का समापन हुआ।

जनप्रतिनिधि जनपद पंचायत अध्यक्ष कृष्णा डिगरसे, सदस्य जिला पंचायत विलासराव घोंघे, सुरेश साहू, आनंद डेहरिया, दुर्गा विश्वकर्मा एवं वाटरशेड के गांवों के सरपंचों व अन्य जनप्रतिनिधियों और कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह व मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत छिंदवाड़ा अग्रिम कुमार के मार्गदर्शन में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजोदिया, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मोहखेड़ राहुल पटेल (डिप्टी कलेक्टर), डीपीओ धर्मेंद्र धाकरिया, ब्लॉक समन्वयक राहुल बोकड़े, शैलेंद्र रहांगडाले धम्मेदीप मेश्राम, अभियंता दुर्गेश पवार व योगेश टांडेकर द्वारा वॉटरशेड यात्रा महोत्सव कार्यक्रम को सफल बनाया गया ।

ग्रामीणजनों को जनप्रतिनिधि व अधिकारियों द्वारा वॉटरशेड कार्यक्रम व जल संरक्षण के महत्त्व को बताया गया। वॉटरशेड विकास कार्य के अंतर्गत 213.91 लाख रूपये के 13 कार्यों का लोकार्पण किया गया, जिससे 80 किसान लाभान्वित हुए हैं व 135 एकड़ जमीन सिंचित हुई है तथा 7 विकास कार्यों का भूमिपूजन किया है जिसकी लागत 106.36 लाख रूपये है।






जनप्रतिनिधियों द्वारा कस्टम हायरिंग सह कृषक सुविधा केंद्र का लोकार्पण किया गया, जिसका संचालन जीवन की आशा फार्मर्स प्रोडूसर्स कंपनी लिमिटेड, हीरावाड़ी के ग्राम बिछुआ-बैतूल द्वारा किया जायेगा, जिसमें खाद, बीज, कीटनाशक के व्यवसाय के साथ-साथ महुआ व अनाज का व्यवसाय किया जाएगा जिसका सीधा फायदा 500 से 1000 किसानों को मिलेगा। यात्रा रथ को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

कार्यक्रम में पानी की रैली, जल संरक्षण की शपथ, चित्रकला निबंध प्रतियोगिता व मार्गदर्शक और पथ प्रदर्शक को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बता दें कि यह मिशन काफी पुराना है और इस अभियान से किसान एवं गांव दोनों को फायदा होता है।

गांव में कहावत है कि खेत का पानी खेत में और गांव की मिट्टी गांव में। यदि वाटरशेड मिशन के तहत किसान भाई और आमजन कार्य करते है तो निश्चित रूप से मिट्टी और पानी दोनों ही खेत में रहेगा और पीने के लिए भी कुएं का पानी जल स्तर से भरपूर होगा

# पांच चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सिविल अस्पताल परासिया में खंड चिकित्सा अधिकारी शशि अतुलकर एवं चिकित्सकों के बीच मनमुटाव काफी बढ़ गया है। गत सोमवार को कुछ चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को लिखित शिकायत देकर खंड चिकित्सा अधिकारी शशि अतुलकर को हटाकर किसी दूसरे चिकित्सक को बीएमओ का प्रभार देने की मांग की है। शिकायत सांसद और जिला कलेक्टर को भी दी गई है।

शिकायत में चिकित्सकों ने कहा है कि बीएमओ चिकित्सकों एवं स्टाफ कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार कर मानसिक रूप से प्रताड़ित करती है। उनके द्वारा इमरजेंसी ड्यूटी को लेकर भेदभाव किया जाता है। पीएचसी के चिकित्सकों की ड्यूटी नहीं लगाई जाती है। वहीं सिविल अस्पताल के चिकित्सकों से ही पोस्टमार्टम एवं एमएलसी कराई जाती है। शिकायत में चिकित्सकों का कहना है कि शशि अतुलकर के प्रभार में काम करना अब मुश्किल है। अगर उन्हें नहीं हटाया जाता है तो फिर चिकित्सक आगामी 20 मार्च से अनिश्चितकालीन के लिए छुट्टी पर चले जाएंगे।

दूसरी और खंड चिकित्सा अधिकारी शशि अतुलकर ने गत सोमवार को शाम की ड्यूटी से अनुपस्थित पांच चिकित्सकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा है। साथ में यह भी कहा है कि क्यों न एक दिन का वेतन काटा जाए? नोटिस में बीएमओ ने कहा है कि शाम के 5 से 6 बजे तक ओपीडी में चिकित्सकों का बैठना अनिवार्य है। उनके अनुपस्थित रहने से स्टाफ कर्मचारियों, मरीजों एवं पुलिस को परेशानियों का सामना करना पड़ा है। जिन चिकित्सकों को नोटिस जारी हुआ है उनमें नवदीप बोरकर, अंकित सहलाम, सुधांशु मानेकर, सुनील नागवंशी एवं शबनम खातून के नाम शामिल है यह नोटिस मनमुटाव के चलते अनुपस्थित चिकित्सको को बी.एम.ओ. द्वारा ही जारी किया गया है।

## सार समाचार

### अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले कृषकों को 28 मार्च तक पूरा भुगतान करना अनिवार्य

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से सम्बद्ध 146 बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों के माध्यम से खरीफ सीजन में कृषि कार्य के लिये अल्पकालीन फसल ऋण लेने वाले कृषकों को 28 मार्च तक ऋण का शत-प्रतिशत भुगतान करना होगा। यदि किसानों के द्वारा ऋण का शत-प्रतिशत भुगतान नहीं किया जाता है तो उन्हें शासन की शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना का लाभ नहीं मिल पायेगा। वहीं ऋणी कृषक को यह राशि ब्याज एवं दण्ड ब्याज के साथ भुगतान करना होगा। शासन द्वारा संचालित शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजना के अनुसार कृषकों को अपने ऋण की अदायगी ड्यू डेट तक अनिवार्य रूप से करना होता है।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक छिन्दवाड़ा के प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी ए.के. जैन ने बताया कि प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों से ऋण लेने वाले कृषकों को 28 मार्च तक अपने ऋण की अदायगी करने के लिये निरंतर सूचित किया जा रहा है। साथ ही उनसे अपील की जा रही है कि वे 28 मार्च 2025 तक अपने कालातीत एवं अकालातीत ऋण की चुकौती कर समस्त प्रकार की वैधानिक कार्यवाहियों एवं लगने वाले ब्याज एवं दण्ड ब्याज से बचे और 01 अप्रैल 2025 से पुनः नया ऋण प्राप्त करें। कालातीत ऋणी सदस्यों जो निरंतर समझाईश के बाद भी ऋण की चुकौती नहीं कर रहे है उनके विरूद्ध भी सहकारी अधिनियम के अंतर्गत वैधानिक कार्यवाही लगातार की जा रही है।

#### एक अप्रैल से मिलेगा नया ऋण

बैंक से संबध्द समितियों के माध्यम से अल्पीकालीन फसल ऋण लेकर समायावधि में चुकौती करने वाले कृषकों को 01 अप्रैल 2025 से उनकी पात्रता अनुसार पुनः ऋण वितरण किया जायेगा। बैंक प्रबंधन ने अपील की है कि ऋण चुकौती करने वाले कृषक अपने कार्यक्षेत्र की शाखा एवं समितियों से संपर्क कर अपनी पात्रता अनुसार नया ऋण प्राप्त करें।

### अधिवक्ता संजय कुमार मालवी सेंट्रल गवर्नमेंट स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाड़ा निवासी अधिवक्ता संजय कुमार मालवी छिंदवाड़ा से वर्ष 2004 में एल.एल.बी. की डिग्री



प्राप्त करने के बाद वर्तमान में भारत सरकार कॉन्सिल के रूप में सेंट्रल नोटरी नियुक्त हुए है। छिंदवाड़ा के अधिवक्ता संजय कुमार मालवी महाधिवक्ता कार्यालय उच्च न्यायालय में मध्यप्रदेश शासन की और से पैनल लायर फॉर स्टेट एम पी का वर्ष 2019 से प्रतिनिधित्व करते रहे है। अब भारत सरकार की पैरवी करने हेतु एम.पी. हाई कोर्ट जबलपुर एवम केंट जबलपुर के लिए सेंट्रल गरमेंट कॉन्सिल के रूप में नियुक्ति मिलने पर छिंदवाड़ा जिले का नाम गौरांवित हुआ है।श्री मालवी के सेंटल नोटरी एवं सेंट्रल गवर्नमेंट स्टैंडिंग काउंसिल नियुक्त होने पर उनसे जुड़े सभी लोगो ने हर्ष व्यक्त किया है।

### आज विभिन्न कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे सांसद साहू

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू 20 मार्च को उभेगांव, लिंगा एवं सांख क्षेत्र में विभिन्न कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण करेंगे। सांसद श्री साहू शाम 4 बजे ग्राम सांख में टी.बी. मरीजों को फूड बॉस्केट वितरण करेंगे। शाम 4:30 बजे ग्राम उभेगांव में आंगनवाड़ी भवन का लोकार्पण करेंगे, शाम 4:45 बजे उभेगांव में ही आंगनवाड़ी एवं शौचालय निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे, शाम 5 बजे उभेगांव में ही सी.सी. रोड का भूमिपूजन करेंगे, शाम 5:20 बजे भैंसकोला में तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन करेंगे, शाम 5:40 बजे उभेगांव में ही बस स्टैण्ड के पास शापिंग कॉम्पलेक्स निर्माण का भूमिपूजन करेंगेए शाम 6 बजे उभेगांव में ही राम मंदिर निर्माण का भूमिपूजन करेंगे, शाम 6:10 बजे उभेगांव में ही बोर खनन एवं पाईपलाइन विस्तार का भूमिपूजन करेंगे, शाम 6:20 बजे उभेगांव में ही आंगनवाड़ी भवनों में हैंडवॉश एवं प्याऊ की शुरूआत करेंगे, शाम 6:30 बजे उभेगांव में ही स्मार्ट फिश पार्लर भवन निर्माण का भूमिपूजन करेंगे एवं शाम 7 बजे सहजयोग आश्रम सालीमेटा लिंगा में परम पूज्य माता निर्मला देवी के जन्मदिवस उत्सव में शामिल होंगे।

# रोजा इफ्तार में दिखाई दी कौमी एकता की मिसाल

**परासिया, देशबन्धु।** जनपद पंचायत परासिया के उपाध्यक्ष जमील खान ने अपने निवास जाटाछापर में रोजा इफ्तार करवाया गया जिसमें सभी धर्म के लोग शामिल हुए। मंगलवार को रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया इसमें एक तरफ जहां रोजादारों के लिए रोजा खोलने की व्यवस्थाएं की गई थी तो वहीं दूसरी तरफ अन्य सामाजिक बंधुओं, अन्य समुदाय के लोगों ने भी अमन और तरक्की के लिए दुआएं की।

गौरतलब है कि सैय्यद जमील खान लंबे अर्से से कौमी एकता की मिसाल पेश करते आए हैं। हर खास तीज त्योहारों पर इनके द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित कर सभी धर्मावलंबियों को शामिल किया जाता रहा है। दीपावली के समय काली पूजा उत्सव भी धूमधाम से मनाया जाता है। होली के मौके पर भी इनके द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किया गया था जिसमें सभी धर्म के लोगों ने बढ़-कर कर हिस्सा लिया था। इनके द्वारा अन्य धार्मिक आयोजन भी समय-समय पर कराए जाते रहे हैं। गणेश उत्सव, नवरात्रि आदि पर्व पर जमील खान बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते है। क्षेत्र में सामाजिक सौहार्द बनाए रखनें में जनपद उपाध्यक्ष का हमेशा ही सहयोग रहा है। रोजा इफ्तार कार्यक्रम में हाफिज तहसीन राजा, हाफिज जाकिर, गुल्ला भाई, नगर पंचायत बडकुही के अध्यक्ष भारत डेहरिया, सरपंच नरेंद्र धुर्वे, हरि वर्मा, कमल राय, आशीष सिकंदरपुर, विजय चंदेल, फगु प्रसाद, लक्ष्मी प्रसाद राय, अशोक, बसंत मालवीय, रिंपी खंडूजा, बॉबी खंडूजा, अकबर खान, निसार खान, शाहिद अली एव सैय्यद करीम शामिल रहे।



# रंगपंचमी पर जमकर उड़े रंग गुलाल, थिरके युवा







**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रंगपंचमी का त्योहार छिंदवाड़ा में पूरे उत्साह से मनाया गया। रंगपंचमी का त्योहार बुधवार को उत्साह के साथ मनाया जा गया। पांच दिवसीय रंगोत्सव का समापन रंग गुलाल की बौछार के साथ हुआ।

सुबह से ही बच्चों और युवाओं की टोलियां सड़कों पर निकल पड़ीं। नगर के नया छोटी बाजार सहित पूरे अंचल में लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाया। त्योहार के कारण बाजार आधे खुले और आधे बंद रहे। रंगपंचमी महोत्सव समिति ने इस अवसर पर विशेष चल समारोह का आयोजन किया।

## गांधीगंज से प्रारंभ हुआ चल समारोह दशहरा मैदान में हुआ समापन

कार्यक्रम गांधीगंज से शुरू होकर शहर के विभिन्न रास्तों से गुजरा और युवाओं ने भारत माता और जय श्री राम के जयकारे लगाए। समारोह के दौरान युवाओं पर टैंकर से पानी की बौछार की गई। ग्रामीण क्षेत्रों में सामूहिक फाग का आयोजन हुआ।

सुरक्षा व्यवस्था के लिए नगर के प्रमुख तिराहों और चौराहों पर पुलिस बल तैनात रहा। होमगार्ड के जवानों सहित 300 कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से ड्यूटी पर तैनात किया गया है।

युवा दोपहिया वाहनों पर घूमते हुए एक.दूसरे को रंग लगाते दिखे। त्योहार के कारण बस स्टैंड पर वाहनों की संख्या कम रहीए जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। शहर में होली की तुलना में रंगपंचमी को अधिक उत्साह से मनाने की परंपरा देखी गई। इस अवसर पर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

# गुड़ उत्पादन से बदला जीवन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के विकासखंड बिछुआ के ग्राम करेल निवासी हितेश पटेल वर्षों से परंपरागत खेती कर परंपरागत तरीके से गुड़ बना रहे थे। उनके पास गुड़ बनाने की एक पुरानी यूनिट थी, जिससे गुड़ उत्पादन तो होता था, लेकिन इसकी प्रक्रिया अत्यंत समय-साध्य और महंगी थी। पुरानी मशीनों की वजह से उत्पादन में अधिक लागत लगती थी, मजदूरी और कच्चे माल पर भी अधिक खर्च होता था, जिससे लाभ सीमित हो पाता था।

**नई तकनीक से बढ़ी उत्पादकता**

इसी दौरान उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों ने प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन (पीएमएफएमई) योजना की जानकारी दी। इस योजना के तहत अधिकारियों के मार्गदर्शन में उन्होंने गुड़ घाना यूनिट के उन्नयन के लिए पंजीयन कराया। पंजीकरण के पश्चात उन्होंने नई यूनिट की स्थापना की जिससे उनकी कार्यशैली में क्रांतिकारी परिवर्तन आया।

नई यूनिट स्थापित होने के बाद गुड़ उत्पादन की प्रक्रिया तेज और किफायती हो गई। अब कम मजदूरी और कम समय में अधिक उत्पादन संभव होने लगा। जहां पहले उन्हें गुड़ बनाने में अधिक लागत और श्रम लगता था, वहीं अब नई तकनीक के कारण उनका काम सरल और अधिक लाभकारी हो गया है।

**नई यूनिट से बढ़ा उत्पादन और मुनाफा**

नई यूनिट से उत्पादन में जबरदस्त बढ़ोत्तरी हुई। इस बार 350 से 400 क्विंटल गुड़ का उत्पादन किया गया, जिसे 3600 से 3700 प्रति क्विंटल की दर से बेचा गया। इससे चार लाख से पांच लाख की आय हुई। यह उनके लिए एक बड़ी सफलता थी, क्योंकि पुरानी प्रणाली में इतनी अधिक आय संभव नहीं थी।

**उद्यानिकी खेती की ओर रुझान-**

इस वर्ष भी गुड़ उत्पादन जारी है और नई प्रणाली के चलते उन्हें अच्छे लाभ की संभावना है। अब जब उनके पास एक बेहतर और उन्नत यूनिट है, वे अधिक आत्मविश्वास के साथ गन्ने और गुड़ का उत्पादन कर रहे हैं। इसके साथ ही वे अन्य उद्यानिकी फसलों की भी खेती कर रहे हैं जिससे उनकी आय के अन्य स्त्रोत भी विकसित हो रहे हैं।



# सांसद ने लोकसभा में उठाया आयुर्वेदिक महाविद्यालय खोलने का मुद्दा



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सांसद बंटी विवेक साहू ने बुधवार को लोकसभा में शून्यकाल के दौरान नवेगांव में हौम्योपैथिक महाविद्यालय एवं तामिया में आयुर्वेदिक खोले जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। उन्होंने लोकसभा में केन्द्रीय मंत्री को अवगत कराया कि यहां पर उपलब्ध संसाधनों के कारण छिन्दवाड़ा के नवेगांव में हौम्योपैथिक एवं तामिया में आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय काफी कम लागत में खोला जा सकता है।

उन्होंने बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र छिंदवाड़ा और पांढुर्णा कि जलवायु स्वास्थ्य के लिए अनुकूल है। तामिया और पातालकोट जैसे विश्वप्रसिध्द आदिवासी क्षेत्र है, इन क्षेत्रों में जड़ी-बूटियों का भंडार है, जिसका ज्ञान यहां के जनजाति लोगों को भी है। यहां कि जड़ी बूटियां दुर्लभ एवं और उपयोगी है जिसका संरक्षण एवं परंपरागत ज्ञान का हस्तांतरण पीढ़ी दर पीढ़ी किया जाना आवश्यक है। हौम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति भी सरल, सुलभ, सस्ती इलाज पद्धति हैं। जिसमें जटिल एवं असाध्य रोगों का स्थाई इलाज संभव है।

इस पद्धति से इलाज के प्रति लोगों का रूझान निरंतर बढ़ता जा रहा है। देश में चिकित्सक एवं चिकित्सा सुविधा बढ़ाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। ऐसी स्थिति में आयुर्वेदिक एवं हौम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के चिकित्सा महाविद्यालय कम लागत में प्रारंभ कर चिकित्सक व चिकित्सा सुविधा बढ़ाई जा सकती है।

सांसद श्री साहू ने लोकसभा में बताया कि उनके लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत नवेगांव में हौम्योपैथिक चिकित्सालय संचालित हो रहा है। जहा पर करीब 35 एकड़ जमीन भी उपलब्ध है। यहा पर काफी कम लागत में महाविद्यालय प्रारंभ किया जा सकता है।

तामिया में उपलब्ध औषधिय पौधों एवं जलवायु के आधार पर चिकित्सा महाविद्यालय स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने लोकसभा में कहा कि मेरा अनुरोध है कि छिन्दवाड़ा के नवेगांव में हौम्योपैथिक एवं तामिया में आयुर्वेदिक चिकित्सा महाविद्यालय प्रारंभ किया जाये।

# गोंडवाना महासभा ने किया प्रांतीय सम्मेलन

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** गौरतलब है कि विशाल गोंडवाना महासभा मध्यप्रदेश एवं जिला शाखा छिंदवाड़ा द्वारा गत दिवस जिला मुख्यालय से 16 कि.मी. दूर नरसिंहपुर रोड स्थित राजाखोह ढाना में 23 वॉ प्रांतीय सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात वक्ताओं के प्रेरणादायक उद्बोधन, सामूहिक संवाद और विचार विमर्श किया गया एवं सिवनी, छिंदवाड़ा के स्टार आदिवासी कलाकरों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रंगारंग प्रस्तुति देकर सुबह तक शमा बांधे रखा साथ ही कला प्रदर्शनी लगायी गया। साथ ही गोटुल ट्रायवल वेलफेयर सोसायटी द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य कैम्प, नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से राजाराम मर्सकोले कार्यक्रम अध्यक्ष, कार्यक्रम उपाध्यक्ष विक्रम आहकेमहापौर नगर पालिका निगम छिंदवाड़ा और वरिष्ठ समाजसेवी सीएल ठाकुर ने बताया की विशाल गोंडवाना प्रांतीय सम्मेलन में आदिवासी रीति रिवाज़ परम्परा के साथ बैलगाड़ी में बारात निकाल कर डॉक्टर ठाकुर दीपक आहके ने संदेश दिया की आदिवासी संस्कृति को संजोए रखना है तो स्वयं अपनाना पड़ेगा।

समाज के उत्थान के लिए मेरे द्वारा एक छोटी सी पहल का यह अदभुत् नज़ारा शनिवार के दिन राजा जाटवा शाह की नगरी राजखोह ढाना में आयोजित गोंडवाना सम्मेलन में देखने को मिला। जब पूरी गोंडियन परम्परा अनुसार अपनी वेषभषा में डॉक्टर ठाकुर दीपक आहके धूमधाम से बैलगाड़ी से बारात लेकर निकले जिसमें गुन्नूरशाही ढोल, के साथ हज़ारों की संख्या में सिंगोड़ी से निकले उनका मंडमिग पांढुर्णा क्षेत्र की ग्राम राजडोंगरी की कंचन कवरेती से हुआ।





छिंदवाड़ा महापौर एवं आयोजन समिति के उपाध्यक्ष विक्रम आहके ने बताया कि समाज के ऐसे युवा सामाजिक चेतना के प्रतीक के रूप में मिसाल पेश की है सक्षम और शिक्षित परिवार से आने के बाद डॉक्टर ठाकुर दीपक आहके ने एवं कंचन कवरेती ने समाज को प्रेरणा दी है इस पहल पर सामाजिक लोगों ने सराहना की।

गोटूल ट्राइबल वेलफेयर सोसायटी द्वारा निशुल्क दवाइयां वितरण एवं जांच की गई। डॉ. भूपेंद्र भलावी डायरेक्टर निर्मला हॉस्पिटल छिंदवाड़ा ने की।

इस अवसर पर समिति राजाखोह अध्यक्ष राजाराम मर्सकोले, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता केवलाराम परतेती, सी.एल. ठाकुर, कुंदनलाल धुर्वे, ओमकार वरकड़े, मंगलसिंह आहके, मुकेश आहके सचिव, कपिल ठाकुर, कोषाध्यक्ष, बसंत भलावी, पतिराम मर्सकोले, मोहनलाल सरयाम, संतू सरयाम, आशाराम वाडिवा, प्रमोद कवरेती, कुंवरलाल मर्सकोले, गोकल कुमरे, मोहित आहके, शिव धुर्वे, ठाकुर सतीश आहके एवं अन्य समाजसेवी अखिल सूर्यवंशी, अंकित सूर्यवंशी, राम आमगोरिया, दीपक चोरिया, अजय सूर्यवंशी, हर्षा बनोदे, सोनू चोरिया, श्याम इवनाती, वीरू, धीरज, आशीष सलामे, कुसुम धुर्वे, विनीता नेति, सुमित इवनती आदि हजारों की संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित थे।



## डीएम पांढुर्णा ने लगाई धारा 163

**पांढुर्णा, देशबन्धु।** कलेक्टर अजयदेव शर्मा बोले पांढुर्णा जिले की कानून व्यवस्था एवं यहां स्थित विभिन्न महत्वपूर्ण लोकसंपत्तियों तथा मानव जीवन को किसी भी प्रकार से कोई खतरा न हो, इसको रोकने के लिए कलेक्टर पांढुर्णा द्वारा धारा-163 भारतीय नागरिक सुरक्षा का आदेश जारी किया।

बता दे पांढुर्णा जिला महाराष्ट्र के नागपुर से लगा है। हाल ही में नागपुर के हिंसा हुई है। और दो समुदाय के बीच तनाव की स्थिति को देखते हुए पांढुर्णा जिले में धारा 163 लागू की गई। बता दें कि महाराष्ट्र सीमा से लगा हुआ नव जिला पाण्ढुर्णा है और मराठीभाषी भी है।

ऐसी स्थिति में अफवाह कभी भी फैल सकती है इसलिए कलेक्टर और जिला दण्डाधिकारी पांढुर्णा अजय देव शर्मा ने धारा 163 लगाकर जिलेवासियों से अपील भी की है कि अपना जिला कौमी एकता के प्रतीक आपसी भाईचारे से ओतप्रोत है और एक दूसरे के धर्मो का सम्मान करते है। परिणाम स्वरूप किसी प्रकार के अफवाह की सूचना मिलने पर उसे अधिकारियों से संपर्क कर यथास्थिति जान लें और अफवाह को न सुने और कोई अफवाह फैलाता है तो उसकी जानकारी भी प्रशासन को दें।

### सार-समाचार

## ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**सिंगोड़ी, देशबन्धु।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंगोडी में 100 दिवसीय निश्चय शिविर के माध्यम से नि:शुल्क छाती की जांच एक्स-रे मशीन द्वारा 19 मार्च 2025 से 24 मार्च 2025 तक की जा रही है जिस किसी ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी को 2 सप्ताह से अधिक की खांसी चलना, वजन कम होना, भूख कम लगना, 60 वर्ष से अधिक की उम्र के सभी ग्राम वासियों एवं क्षेत्रवासी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आकर नि:शुल्क जांच करवाएं एवं स्वस्थ लाभ उठाएं और इस खबर को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाएं जिससे ज्यादा से ज्यादा लोग इससे लाभ ले सकें।

## आपदा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण का प्रथम सत्र आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आपदा प्रबन्धन में विभिन्न विभागों और जिला एवं तहसील स्तरीय इंसीडेंट रिस्पॉन्स टीम (आई.आर.टी.) के निर्धारित दायित्वों से अवगत कराने के लिए आज कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में प्रशिक्षण के प्रथम सत्र का आयोजन किया गया।

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर के.सी. बोपचे की उपस्थिति में आयोजित इस प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर ज्योति ठाकुर ने घटना अनुक्रिया प्रणाली के बारे में, जिला कमांडेंट होमगार्ड्स एस.आर. आज़मी ने विभिन्न तरह की आपदाओं के दौरान बचाव की सामान्य जानकारी से लोगों को जागरूक करने और भू-अभिलेख अधीक्षक पुष्पेंद्र पांडे ने आपदा, उसके विभिन्न प्रकारों, आपदा प्रबन्धन के विभिन्न चरणों और आपदा प्रबंधन के विभिन्न प्राधिकरणों व उनकी भूमिका के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया। जिसमें एस.डी.एम. छिंदवाड़ा एवं एस.डी.एम. परासिया सहित जिला मुख्यालय के अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष से शामिल हुए जबकि अन्य सभी एस.डी.एम., तहसीलदार, सी.ई.ओ. जनपद, सी.एम.ओ. आदि वीसी के माध्यम से जुड़े थे।

## फर्जी शिकायतकर्ताओं पर हो बर्खास्तगी की कार्रवाई : मुकेश उपाध्याय

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** मुकेश उपाध्याय ने कहा है कि विद्युत विभाग के अन्तर्गत एम पी ट्रांस्को के अधिकारियों व कर्मचारियों की मिलीभगत से सरकार को लगाया जा रहा है चूना एक तरफ मध्यप्रदेश की भाजपा शासित प्रदेश सरकार आम जनता पर कर्ज का बोझ डालते हुए कभी भी बाजार से करोड़ों रुपये का ऋण लेकर शासकीय तंत्र चला रहीं हैं वही सरकार में बैठे अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार, रिश्वतखोरी एवं विभाग में चोरी चकारी अमानत में खयानत कर रहे हैं फर्जी शिकायत भी ऐसे लोगों पर हो कार्यवाही की मांग की गई है।

## गौरैया के घोसले तैयार करते हैं आदित्य

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ग्राम नोन पिपरिया तहसील गोटेगांव के आदित्य राज भट्ट गौरैया चिड़िया के घोसले तैयार करते हैं और उन घोसले से हर वर्ष 10 से 12 चिड़िया की वृद्धि करते हैं। इस वर्ष आदित्य कुछ नया करके दिखाया है, इस वर्ष हेलमेट के अंदर चिड़िया के घोसले तैयार किए हैं ताकि कुत्ता बिल्ली बाज कौवा से इनके अंडो एवं बच्चों को नुकसान ना हो सके। हेलमेट से इंसानों की तरह गौरैया परिवार की रक्षा हो सके, इंसान भी हेलमेट गाड़ी चलाते समय उपयोग करें और सुरक्षित रहें। अगर आप भी गौरैया का कुनबा बढ़ाना चाहते हैं तो जहां आप निवास करते हैं, उस जगह चिड़ियों के घोसले तैयार करें, जब चिड़िया आने जाने लगे तो घोसला से छेड़छाड़ ना करें, वरना चिड़िया आना बंद कर देती है।सीलिंग फेन न चलावे उससे चिड़िया की जान जा सकती है। हमें थोड़ा घास फुस लाना पड़ता है उसके बाद चिड़िया अपनी पसंद की घास लाती है और अंडे देती है। जब चिड़िया अंडे देती है तो चिरवा इंसानों की तरह चिड़िया के लिए खाने का इंतजाम करता है। आप भी प्रयास कीजिए ताकि गौरैया परिवार में वृद्धि हो सके।



## होटल एकॉर्ड यूएनडीपी प्रोजेक्ट की तीन दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** कल 19 मार्च 2025 को एकॉर्ड इंटरनेशनल होटल छिंदवाड़ा में GoI-GEF-UNDP प्रोजेक्ट अंतर्गत प्लानिंग वर्कशॉप का तीन दिवसीय कार्यशाला का पहला दिन आयोजित हुआ।

इस कार्यशाला की शुरुआत मुख्य अतिथि अंजन कुमार मोहंती, ADG, MoEFCC एवं PCCF पुरूषोत्तम धीमान, GIM ग्रीन इंडिया मिशन, भोपाल, फील्ड डायरेक्टर पेंच देवा प्रसाद, मधु व्ही राज वन संरक्षक वन वृत्त छिंदवाड़ा, शीलेंद्र सिंह, जिला कलेक्टर छिंदवाड़ा, साहिल गर्ग वनमण्डलाधिकारी पश्चिम छिंदवाड़ा, एल.के. वासनिक, वनमण्डलाधिकारी दक्षिण व पूर्व छिंदवाड़ा, अमित निकम वनमण्डलाधिकारी उत्पादन वनमंडल, सभी उपवांडल अधिकारी, सभी वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य विभाग के जिला अधिकारी कार्यशाला मैं उपस्थित रहे।

कार्यशाला में उपस्थित मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तीन दिवसीय कार्यशाला में लैंड डिग्रेडेशन न्यूट्रलिटी के अंतराष्ट्रीय लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्लान तैयार एवं सही तरीके से उसका इंप्लीमेंटेशन होना चाहिए। इस कार्यशाला में यूएनडीपी से सुब्रतो पॉल, प्रोग्राम मैनेजर, गुजरात से बनी ग्रासलैंड डिविजन, कच्छ से बी.एम. पटेल, डीसीएफ़ए महाराष्ट्र से अमोल चव्हाण, एसीएफ़ए नंदुरबार उपस्थित थे।



# आ बैल मुझे मार में चमके डुप्लीकेट कलाकार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** रंग पंचमी के पूर्व संध्या पर 18 मार्च दिन मंगलवार को शाम 6 बजे से आयोजित दशहरा मैदान (पोला ग्राउंड) में आ बैल मुझे मार सम्मेलन का 23 वां वर्ष में फिल्मी जगत के जानेमाने हीरो गोविंदा, खलनायक शक्ति कपूर एवं हीरोइन करिश्मा कपूर अपनी प्रस्तुति से ग्राउंड में उपस्थित सभी लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

आ बैल मुझे मार सम्मेलन में द धनंजय लाइव आर्केस्ट्रा देवी जागरण टिम के संचालक धनंजय वडसमुद्रकर, जोशी पत्रकार जिला छिंदवाड़ा द्वारा मिमिक्री एवं होली के फिल्मी गानो से लोगों को खूब हंसाया एवं मनोरंजन किया। द धनंजय लाइव आर्केस्ट्रा/ देवी जागरण में धनंजय वडसमुद्रकर जोशी के साथ सिवनी से उपस्थित हुई ममता सत्यार्थी, परासिया से नितेश मेहरा, रोशनी विश्वकर्मा, नागपुर से पधारी सुप्रसिद्ध गायिका सिमरन, ऑर्गन प्लेयर में अमित तिवारी, पेड़ पर पवन इंगले, ड्रम पर विशाल वाईकर छिंदवाड़ा द्वारा वाद्य यंत्रों पर जबरदस्त प्रस्तुति दी।

आर्केस्ट्रा की तरफ से मंच संचालन छिंदवाड़ा एफ.एम आकाशवाणी के उद्घोषक अवधेश तिवारी ने किया। जिसमें पुराने फिल्मी गानों से लेकर होली के गीत सुरीली आवाज में गाय गए जिसकी प्रशंसा जिले भर में हो रही है।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय आयुर्वेदाचार्य प्रकाश इंडियन टाटा (गुरुजी) रहे जिन्होंने विश्व के लगभग 120 देशों में जाकर आयुर्वेद के माध्यम से बड़े-बड़े लोगों का इलाज कर चुके हैं। विशेष अतिथि संदीप रघुवंशी, वरिष्ठ अधिमान्य पत्रकार, कार्यक्रम अध्यक्ष राकेश प्रजापति थे।

कार्यक्रम के मध्य अंतर समय में मंच पर उपस्थित अतिथियों का स्वागत आ बैल मुझे मार के संपादक राजेश तांत्रिक द्वारा सिंग लगाकर किया गया। इसमें हमारी समिति के मुख्य सदस्य जितेंद्र अलबेला, राजा मंसूरी, उषा रावत, हबीब खान, अखिल सूर्यवंशी और अन्य लोगों उपस्थित थे। प्रकाश इंडियन टाटा द्वारा आ बैल मुझे मार सम्मेलन में हजारों दर्शको के बीच हास्य बुलेटिन का विमोचन किया। विमोचन के उपरांत प्रकाशन हज बुलेटिन की प्रति दर्शकों में वितरित की गई। विमोचन के बाद जूनियर गोविंदा, शक्ति कपूर एवं करिश्मा कपूर ने अपनी अपनी प्रस्तुति रात्रि 12 बजे तक दी।




गोविंदा, शक्ति कपूर और करिश्मा कपूर के डुप्लीकेट ने दिखाया जलवा

# 11 साल बाद लिंगा आश्रम में मनाई वैदिक रंगपंचमी

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सन्त श्री आशारामजी आश्रम लिंगा में साधकों ने 11 वर्ष बाद वैदिक रंग पंचमी मनाई।

इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई ने बताया कि वैदिक होलिका दहन और वैदिक धुरेंडी या रंग पंचमी का अपना महत्व है। पहले के काल मे यह सब केमिकल वाले रंग नही हुआ करते थे। शास्त्र अनुसार पलाश के फूलों का रंग तैयार किया जाता था। पलाश के फूलों के रंग लगाने से कार्लसर्प योग की पीड़ा दूर होती है। साथ ही वात, पित्त और कफ की बीमारियों से छुटकारा मिलता है। होलिका दहन के बाद ऋतु परिवर्तन होता है। ठंड ऋतु के बाद ग्रीष्म ऋतु आती है।

इस समय बुखार के मरीजों की अधिकता रहती हैं। पलाश के रंगों से होली खेलने से शरीर का तापमान स्थिर रहता है यह वैज्ञानिक शोध है। होलिका दहन के बाद 15 दिनों तक बिना नमक या कम नमक का भोजन करने से पेट के रोगों में भी लाभ मिलता है। भगवान श्री कृष्ण भी द्वापर युग मे पलाश के फूलों के रंगों की होली खेला करते थे। 11 वर्ष बाद देश की न्याय व्यवस्था ने पूज्य बापूजी को उचित इलाज हेतु अंतरिम जमानत दी है जिसके लिए न्याय व्यवस्था साधुवाद की पात्र है जिससे करोड़ों-करोड़ों साधकों में उत्साह नजर आया है। यह सनातन संस्कृति के रक्षा के हित में है।

लिंगा आश्रम के आसपास के हजारों साधकों ने आज वर्षो बाद रंग पंचमी जैसे परम्परागत पर्व को हर्षोल्लास से मनाया। समिति द्वारा सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री म.प्र. चौधरी चंद्रभान सिह, जिला कलेक्टर शीलेन्द्र सिह, जिला पुलिस अधीक्षक अजय पांडे और जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों के संग वैदिक होली पूरे जिले में चर्चा का विषय रही।

इस दैवीय कार्य में साध्वी रेखा बहन, साध्वी प्रतिमा बहन, खजरी आश्रम के संचालक जयराम भाई, समिति के अध्यक्ष मदनमोहन परसाई, गुरुकुल की संचालिका दर्शना खट्टर, सुभाष इंगले, रामराव लोखंडे, अशोक कराड़े, नारायण ताम्रकार, बबलू माहोरे, विलास घोंघे, गोवर्धन मालवीय, संजू कराड़े, तिलक सिह पन्द्राम, अशोक कराड़े, गुरुकुल के सोमनाथ पवार, ललिता घोंगे, प्रीति सोनारे, विमल शेरके, शकुंतला कराड़े आदि ने सहयोग किया। इस अवसर पर सभी साधको ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाऐं प्रेषित की।



# वरिष्ठ नागरिक महामंच ने छग, मणिपुर की पूर्व राज्यपाल का किया सम्मान




**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सतपुड़ा की माटी छिन्दवाड़ा में जन्मी सुश्री अनुसुईया उईके राजनैतिक सफर के चलते प्रोफेसर के बाद मंत्री, केन्द्रीय महिला आयोग, राज्य महिला आयोग की सदस्य रहने के बाद आप छत्तीसगढ़ और फिर मणीपुर की राज्यपाल रही। अब सुश्री उईके छिन्दवाड़ा में आकर सामाजिक कार्यो में अपना योगदान दे रही है। ऐसी स्थिति में शहर छिन्दवाड़ा की संस्था वरिष्ठ नागरिक महामंच के पदाधिकारियों जिसमें महिला पुरूष शामिल है उन्होंने पूर्व राज्यपाल को सम्मानित किया और उनके द्वारा दिए गए योगदानों की प्रशंसा करते हुए उनके दीर्घायु और स्वस्थ्य रहने की कामना भी की।

## पुलिस ने युवक को पहुंचाया अस्पताल

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** छिंदवाडा जिले के थाना दमुआ क्षेत्र में छुकाढाना गाँव में कॉलर ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल में गत 18 मार्च 2025 को रात्रि 10:18 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल दमुआ थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया।

डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक सागर डेहरिया, पायलेट विशाल नाविक ने घटना स्थल पर पहुँचकर बताया कि अज्ञात कारणों से 21 वर्षीय युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया था। डायल-112/100 एफ.आर.व्ही. द्वारा युवक को शासकीय अस्पताल दमुआ पहुँचाया गया। डायल - 112/100 जवानों की तत्परता से पीड़ित युवक को समय पर उपचार मिला जिससे वह अभी समाचार लिखे जाने तक खतरे से बाहर बताया जा रहा है।